तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 28 जून 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 मौसमी बीमारियों को रोकने सतर्क रहे स्वास्थ्य विभाग



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा आज

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभाकक्ष में 28 जून को दोपहर 2 बजे सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई है। जनपद पंचायत सीईओ ए.पन्ना ने बैठक का एजेण्डा जारी कर दिया है, इसके मुताबिक बैठक में विभागीय समीक्षा, पेंशन/सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दुकान नीलामी पर चर्चा, तालाब प्लीज पर चर्चा, 15 वां वित बीपीडीपी कार्य योजना वर्ष 2024-25 पर चर्चा एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा कर संकल्प पारित किया जाएगा। सीईओ ने आहूत बैठक में संपूर्ण जानकारी साथ समय पर उपस्थित रहने के लिए सभी विभागीय अधिकारी को कहा है।

### ग्राम पंचायत नेरूआ में गाज से बालक की मौत

**मनेन्द्रगढ़।** कोटाडोल थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत नेरूआ में अकाशीय बिजली की चपेट में आने से श्याम सुंदर बालंद पिता रामधनी बालंद उम्र 12 वर्ष निवासी ग्राम मुसरा थाना मनेन्द्रगढ़ की मौके पर मौत हो गई। एक मुर्गे की भी मौत हुई। इस घटना में एक युवती घायल हो गई है, जिसका उपचार जारी है।

### प्राथमिक शाला लटमा में प्रवेशोत्सव आज

**बैकुण्ठपुर।** स्कूल खुलने के साथ ही शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी शुरू हो गया है। इसी क्रम में जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 28 जून को आयोजित किया गया है। जानकारी के अनुसार विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव पीएम श्री प्राथमिक शाला लटमा के परिसर में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है।

### अब तक 252.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 से 27 जून तक 252.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अब तक तहसील बैकुंठपुर में 50.7, सोनहत में 50.4, पटना में 106.1 एवं पोड़ी बचरा में 45.1, मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को तहसील बैकुंठपुर में 26.9, सोनहत में 5, पटना में 7.2 एवं पोड़ी बचरा में 0, मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### शासी परिषद की बैठक का आयोजन 3 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष शासी परिषद विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 3 जुलाई को बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय लेखा का प्रस्तुतिकरण, लेखा परीक्षा रिपोर्ट, वार्षिक प्रतिवेदन, स्वीकृत कार्यों के कार्योत्तर स्वीकृति एवं निरस्त कार्यों का अनुमोदन किया जाएगा। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन तथा अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से नियत तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भारत सरकार को आनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक प्रस्तुत किया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। बाल पुरस्कार के लिए सामाजिक विज्ञान खेल,सहासी कार्यो, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्टीय स्तर पर पुरस्कार दिया जाना है। पुरस्कार के लिए 5 से अधिक एवं 18 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिकाएं आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित अन्य जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

---

### अब सिमट रहा दायरा, शासन-प्रशासन से पहल की मांग

# कोड़या सागर का अस्तित्व खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट ग्राम खरवत में प्राचीन जलाशय का दायरा अब सिमटता जा रहा है, इसके देख-रेख करने के साथ अतिक्रमण को हटाए जाने की जरूरत है, अन्यथा इस दिशा में बरती जा रही लापरवाही आने वाले कुछ वर्षों में प्राचीन जलाशय के अस्तित्व के लिए खतरा हो सकता है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर कार्यालय के निकट ही ग्राम खरवत में रियासतकाल के दौरान निर्मित कोड़या सागर बांध का निर्माण कराया गया था, तब बांध का जल क्षेत्र लगभग 45 एकड़ में विस्तारित था। समय बीतने के साथ आज कई वर्षों बाद कोड़या जलाशय सिमटता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कोड़या सागर बांध के जल क्षेत्र पर अतिक्रमण करने के कारण बांध के जल क्षेत्र का दायरा सिमटता जा रहा है, जिसकी ओर अब तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कई किसानों के द्वारा बांध क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण कर खेती के लिए उपयोग करने लगे, ऐसा वर्ष दर वर्ष बांध क्षेत्र की भूमि में अतिक्रमण किए जाने के कारण बांध क्षेत्र का दायरा लगातार कम होते चला गया। इसी प्रकार मुख्य मार्ग से लगे भूमि स्वामियों के द्वारा बांध के जल क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण कर लिया गया है ,जिसके कारण भी बांध का जल क्षेत्र सिमट गया। कोड़या सागर बांध विस्तृत क्षेत्र में फैले होने के कारण गर्मी के दिनों में भी इस प्राचीन बांध का पानी कम नहीं होता, इससे कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग निस्तारी के साथ-साथ पशुओं को पानी पीने को मिलता है। साथ ही कई लोगों के द्वारा इस बांध में मछली मारने का भी काम करते हैं। साथ ही कोड़या सागर बांध के उपरी हिस्से में हनुमान जी की बड़ी मूर्ति स्थापित की गई, जिसके बाद उक्त स्थनल पर मंदिर बनाने का कार्य भी शुरू किया गया। धार्मिक आस्था का केन्द्र होने के कारण विभिन्न अवसरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ यहां जुटती है।





कोड़या सागर बांध के आसपास हो रहा अतिक्रमण।

#### अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षण की मांग

कोड़या सागर बांध के लगातार अतिक्रमण के कारण सिमटने को लेकर जागरूक लोगों ने इसके संरक्षण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण घनश्याम साहू का कहना है कि कोड़या सागर बांध प्राचीन बांध है, इसमें अब लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देकर बांध क्षेत्र के अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिए साथ ही प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में भी पहल करनी चाहिए।

#### जन सहयोग से होती है साफ-सफाई

जानकारी के अनुसा कोड़या सागर बांध का समय-समय पर क्षेत्र के जागरूक लोगों के द्वारा जन सहयोग से साफ-सफाई भी की जाती है। बांध के किनारे हिस्से में बेशरम के पौधे सहित कई तरह के जलीय पौधे भर जाते हैं, जिसे ध्यान में रखकर आस-पास के लोगों के द्वारा आपसी सहमति से उक्त बांध की साफ-सफाई प्रतिवर्ष करते हैं। इस दिशा में प्रशासनिक पहल भी जलाशय के साफ-सफाई के लिए होनी चाहिए।

#### छठ पूजा के लिए जुटते हैं श्रद्धालु

खरवत स्थित कोड़या सागर बांध का तो वैसे कई तरह से उपयोग हो रहा है ,लेकिन प्रतिवर्ष छठ पूजा के दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के छठ व्रति कोड़या सागर बांध के घाट में पहुंच कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हैं, इसके कारण भी बांध के अस्तित्व को बचाने की दिशा में पहल की जरूरत है। इस बांध पर छिन्दडॉड़, खरवत, आमगांव, महुआपारा क्षेत्र के लोग छठ पूजा करने पहुंचते हैं।

#### तैयार की जाएगी कार्ययोजना

यह खरवत जलाशय रियासतकालीन है, इसके संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। यदि हमें शासन स्तर से बजट आवंटित होता है तो जलाशय के लिए बेहतर कार्य कराए जाएंगे। फिलहाल हमारे पास इस जलाशय के लिए कोई आवंटन नहीं है।

-ए.टोप्पो, ईई
जल संसाधन कोरिया

---

# सोनहत में आधे घंटे जमकर हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में खंड वर्षा की स्थिति शुरूआती बारिश के सीजन के दौरान ही देखने को मिल रहा है। गुरूवार को जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के कई ग्रामीण अंचल में जमकर बारिश हुई, वहीं कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पूरी तरह से सूखा पड़ा रहा। यहां सिर्फ हल्की बूंदे ही दोपहर के समय गिरी।

- अब भी कई जगहों पर बनीं हुई है खंड वर्षा की स्थिति

जानकारी के अनुसार गुरूवार को जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के कटगोड़ी, सुंदरपुर, लटमा, नौगई सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर के समय उमड़ते-घूमड़ते बादलों के बीच अचानक बारिश की शुरूआत हुई और करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश होती रही, इसके साथ ही बादलों की तेज गर्जना भी हो रही थी। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी हुई, लेकिन कहीं पर भी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सोनहत जनपद क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हुई बारिश शिवघाट के नीचे बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम छरछा बस्ती, चेरवापारा तक बारिश का असर रहा, इसके बाद खरवत से लेकर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर तक पूरी तरह से सूखे की स्थिति रही। इसके एक दिन पूर्व जिला मुख्यालय में झमाझम बारिश हुई थी। वर्तमान में कई क्षेत्रों में बारिश समय-समय पर हो रही है जो कि खंड वर्षा होने की स्थिति बनाई हुई है। शहर बैकुंठपुर में अब तक सामान्य से बहुत कम बारिश दर्ज की गई है। जबकि जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बीच-बीच में झमाझम बारिश कई दिन हो चुकी है, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपने खेतों में हल चलाने शुरू कर दी है।

#### खेतों में बारिश का पानी

जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र में समय-समय पर बारिश हो रही है। गुरूवार को दोपहर के समय हुई बारिश के बाद कई जगहों पर खेतों में बारिश का पानी जमा दिखाई दिया, इससे साफ पता चलता है कि कई बार के बारिश के बाद अब बारिश का पानी वर्षा पश्चात खेतों में जमा होने लगा है, जबकि जिन क्षेत्रों में झमाझम बारिश कई दिन नहीं हुई है,उन क्षेत्रों के खेतों में बारिश होने के बाद भी पानी का जमाव खेतों में नहीं हो रहा है।



सोनहत में हुई बारिश से खेत लबालब।

---

# 2 घरों में हुई चोरी के आरोपी सगे भाई पुलिस की गिरफ्त में

**बैकुंठपुर।** जिले के चरचा कॉलरी थाना क्षेत्र में बीते दिनों दो सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने-चांदी एवं नगदी रकम की चोरी करने की घटना समने आई। दोनों मामले में पीड़ित परिवार ने चरचा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, इस पर पुलिस ने दोनों चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई है।

- चरचा पुलिस ने किया खुलासा

पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 454, 457, 380 व 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चरचा कॉलरी थानांतर्गत ग्राम खरवत निवासी प्रार्थिया हंस कुमार राजवाडे पति उमेश्वर राजवाडे ने 13 जून को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर में 12-13 जून की मध्य रात्रि में घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात के द्वारा सोना -चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम चोरी कर लिए। वहीं दूसरी घटना में सुभाष नगर चरचा निवासी प्रार्थी विक्की सिंह पिता देवधारी सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 जून को उसके घर के सभी सदस्य बैकुंठपुर गए हुए थे और घर पर ताला लगा था, जिसे अज्ञात चोरों के द्वारा घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर पेटी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम चोरी कर ली। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की और मुखबीर की सूचना पर संदेही उमेश उर्फ छोटू पिता अमरनाथ से पूछताछ में बताया कि गोदरीपारा निवासी सूरज उर्फ गोलू पिता अमरनाथ दोनों निवासी गोदरीपारा चिरमिरी के साथ दोनों जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दिए। आरोपियों के पास से चोरी हुई सामग्री में सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी को आरोपियों के कब्जे से जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



गिरफ्तार आरोपी।



जब्त सामान।

---

### मांगों को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन

**डोमनहिल।** कर्मचारियों के वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले नगर पालिका निगम चिरमिरी के सामने किए जा रहे धरना प्रदर्शन को अधिकारियों के समझाइस के बाद समाप्त किया गया। विदित हो कि कर्मचारियों के वेतन भुगतान, कोरिया गेल्हापानी में सिटी बस संचालक एवं साजा पहाड़, लामी घोड़ा सहित चिरमिरी के सभी वार्डों में शुद्ध पेयजल की अव्यवस्थाओं के कारण हो रहे नागरिकों की परेशानियों एवं मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर आज नगर निगम के सामने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के काफी संख्या में उपस्थित सदस्यों के द्वारा धरना प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया गया था। पदाधिकारी अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित थे, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के समझाइस उपरांत धरना प्रदर्शन आयुक्त को ज्ञापन सौंपने के पश्चात किया गया। विरोध प्रदर्शन को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश महासचिव डीएल भास्कर,ब्लॉक अध्यक्ष शेख इस्माइल ने संबोधित कर नगर निगम के कई खामियों के बारे में उजागर करते हुए कहा कि नगर पालिका निगम के कर्मचारियों स्थाई तथा अस्थाई का वेतन लगभग पिछले चार माह से आज तक नहीं किया गया है, इस विषय पर पार्टी के द्वारा निगम को पत्र दिया गया था। उक्त विषय पर आज तक कोई भी वेतन भुगतान एवं सफाई और ना ही रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों की मरम्मत का कार्य किया गया है। अफसोस यह है कि इससे भी पूर्व पार्टी ने कई जन समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन के साथ पत्र व्यवहार कर निगम का ध्यानाकर्षण किया गया, मगर उस पर भी आज तक कोई ठोस कार्य होता नहीं दिखा। धरना प्रदर्शन करते हुए पार्टी ने नगर निगम चिरमिरी आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है और कहा है कि यदि 10 दिवस के अंदर मांगे पूरी नहीं होती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

---

# मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप से लोग त्रस्त हैं, वहीं नगर पालिका प्रशासन अब तक ना ही फॉगिंग करवाया है और ना ही दवा का छिड़काव।

मच्छरों के लार्वा को मारने के लिए नगर पालिका इसका छिड़काव शहरी क्षेत्र के 20 वार्डों में अभी शुरू नहीं किया गया है, लेकिन मच्छर के चलते विभिन्न बीमारियां फैलती हैं। कुछ साल पहले आसपास के नगर पालिका क्षेत्र में मच्छर के प्रकोप से महामारी फैली हुई थी ,इसमें कई प्रकार की बीमारी उत्पन्न हो गए थे, इसमें कई लोगों की जान जा चुकी है, मच्छर के काटने से मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू और जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी कई बीमारियों के वाहक हैं। इसमें मस्तिष्क ज्वर सहित कई बीमारियां हैं। मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव के लिए क्या सावधानियां बरती जा सकती हैं। जितना हो सके अपने हाथ और पैर ढककर रखें। मच्छरों को अपने शरीर में आसानी से प्रवेश न करने दें। खून चूसने वाला यह जानवर इतना खतरनाक है कि इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता, इसलिए लंबी पैंट और शर्ट पहनना बेहतर है और खतरनाक मच्छरों के काटने से बचना चाहिए। शाम होते ही मच्छरों से लोग परेशान होने लगते हैं। स्थिति यह हो गई है कि दिन में भी आम नागरिक मच्छर रोधी अगरबत्ती के सहारे रहने को मजबूर हो रहे हैं। ⏭ शेष पेज 4 पर



- नेता प्रतिपक्ष ने नपा प्रशासन का कराया ध्यानाकर्षण

---

# बाल संरक्षण समिति ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन तथा छग शासन महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार जिले में गठित जेल निरीक्षण समिति द्वारा जिला जेल बैकुंठपुर एवं उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बंदियों से उम्र के संबंध में पूछताछ किया गया। जिला जेल बैकुंठपुर में कुल बंदी 160 से उम्र के संबंध में पूछताछ की गई तथा मनेन्द्रगढ़ में कुल 205 बंदी से पूछताछ किया गया। जिला बाल कल्याण एवं ⏭ शेष पेज 4 पर



जेल का निरीक्षण करते समिति के सदस्य।

---

### मानस भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला, 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

# नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देशभर में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार की उपस्थिति में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में कोरिया पुलिस द्वारा जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन 27 जून को मानस भवन बैकुंठपुर में किया गया। कार्यक्रम में एसपी श्री परिहार ने अपने उद्बोधन में बताया कि नए कानूनों के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं।

आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और तकनीकी धोखाधड़ी जैसे नए प्रकार के अपराध सामने आ रहे हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 इन नए प्रकार के अपराधों के लिए उपयुक्त कानूनी उपाय प्रस्तुत करती हैं। इनका उद्देश्य अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को समाप्त करने के साथ नए समय के साथ नए प्रावधान और समाधान प्रस्तुत करना भी है। नए कानूनों से दोष सिद्धि दर में सुधार के साथ-साथ समय से न्याय मिलने की भी उम्मीद है, इसके पश्चात प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि ये नई संहिताएं आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, इससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। एसपी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के उद्बोधन के पश्चात जिला अभियोजन अधिकारी हरेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा नवीन कानून की अवश्यकता एवं अपरिहार्यता के संबंध में अपना व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने नवीन आपराधिक कानूनों में जोड़े गए नई धाराओं,पुराने कानून से हटाई गई धाराओं एवं आवश्यक परिवर्तनों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि नए कानून हमारे देश की विधिक प्रणाली को आधुनिक, समसामयिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन संहिताओं के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरितता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सकती है। इनकी आवश्यकता और अपरिहार्यता स्पष्ट है, क्योंकि यह न केवल कानून के शासन को मजबूत बनाती हैं, बल्कि समाज में न्याय, सुरक्षा और विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं, इसके पश्चात सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज प्रताप सिंह द्वारा नवीन कानून में लाए गए महत्वपूर्ण प्रावधान, संशोधन व अन्य विषय वस्तु के संबंध में बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 ने भारतीय दंड संहिता 1860 को प्रतिस्थापित किया है, इसमें 358 धाराओं को शामिल किया गया है।

आईपीसी के अधिकांश प्रावधानों को बनाए रखा गया है, नए अपराधों को पेश किया गया है, न्यायालय द्वारा बाधित धाराओं को समाप्त किया गया है और विभिन्न अपराधों के लिए ⏭ शेष पेज 4 पर




कार्यशाला के दौरान उपस्थित अतिथि।

---

### अवैध कोयला परिवहन करते दो वाहन जब्त

**राजपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से कोयला परिवहन के मामले में दो वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कोयला को जब्त किया है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान टिपर क्रमांक सीजी 15 एसी 5674 का चालक मरकाडांड निवासी 22 वर्षीय आकाश सांडिल्य आ. जरमन व टिपर क्रमांक सीजी 30 बी 2119 का चालक मरकाडांड स्कूल पारा निवासी नामिक कुमार आ. जूठन राम अगरिया महेंद्र जायसवाल के ईंट भट्ठा से ग्राम ढुप्पी के एक व्यक्ति के कहने पर कोयला लोड कर अंबिकापुर की ओर लेकर जा रहे थे। ढुप्पी निवासी व्यक्ति ने मोबाइल फोन पर बात कर उन्हें कोयला उठाने और फिर अंबिकापुर क्षेत्र में डंप करने को कहा था। पूछताछ के दौरान चालक कोयला से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। ऐसे में पुलिस ने कोयला को जब्त कर लिया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध कोयला परिवहन में जो भी संलिप्त पाए जाएंगे उनपर कार्रवाई की जाएगी।

बिलासपुर, शुक्रवार, 28 जून 2024
haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### अमन बने आष्टेडु मर्दानी अखाड़ा मार्शल आर्ट संघ के महासचिव

**अंबिकापुर।** शहर के अमन गुप्ता को छत्तीसगढ़ आष्टेडु मर्दानी अखाड़ा संघ का महासचिव बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार कराटे एक जापानी



मार्शल आर्ट है उसी प्रकार शिवकालीन मरदानी खेल आष्टेडु मर्दानी अखाड़ा एक प्राचीन भारतीय मार्शल आर्ट विद्या है जो कि हमारे देश में महाराष्ट्र राज्य का एक प्रसिद्ध मार्शल आर्ट है। इस मार्शल आर्ट को छत्रपति शिवाजी महाराज भी करते थे। उन्होंने बताया कि वे पिछले 18 वर्षों से मार्शल आर्ट से जुड़े हुए है और पिछले 13 साल सेअंबिकापुर और पूरे सरगुजा जिले में ताइक्वांडो कराटे क्वान की डो मार्शल आर्ट सिखा रहे है। अमन गुप्ता ग्रीष्मकालीन शिविर समर कैंप में भी बच्चों को पिछले कई सालों से मार्शल आर्ट व आत्मरक्षा सीखाते आ रहे हैं। अमन गुप्ता सेकेंड डेंन ब्लैक बेल्ट और एनएस एनआईएस कोच भी है। इन्होंने नेशनल चैंपियनशिप 2015-16 के ब्लैक बेल्ट इवेंट में गोल्ड मेडल विजेता भी है और इनके द्वारा सिखाए गए कई बच्चे भी कई नेशनल व इंटरनेशनल इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। आष्टेडु मर्दानी अखाड़ा फेडरेशन ऑफ भारत के महासचिव राजेश तलमेल द्वारा अमन गुप्ता को छत्तीसगढ़ आष्टेडु मर्दानी अखाड़ा संघ का महासचिव नियुक्त किया गया है। आष्टेडु मर्दानी अखाड़ा मार्शल आर्ट स्कूल गेम, यूनिवर्सिटी गेम, नेशनल गेम्स और खेलो इंडिया गेम्स में भी शामिल है और यह खेल भारती मिनिस्ट्री में भी है। अब छत्तीसगढ़ में अमन गुप्ता के नेतृत्व में भी स्कूल गेम, नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया और यूनिवर्सिटी गेम में भी बच्चों को खिलाया जाएगा।

### लायंस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**अम्बिकापुर।** लायंस क्लब सुपर स्टार का शपथ ग्रहण समारोह होटल बिरेन्द्र प्रभा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के सेवा कार्यों हेतु पदाधिकारियों को नामित किया गया तथा सभी को अपने कर्तव्यों, दायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन हेतु शपथ दिलाई गई। समारोह के शपथ अधिकारी एवं पूर्व रीजन चेयरमेन लायन राकेश अग्रवाल, जोन चेयर पर्सन अनिल शुक्ला के मौजूदगी में लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष पद के लिए लायन अशोक जायसवाल, सचिव योगेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष हेतु लायन बनारसी लाल गुप्ता ने शपथ ली। इस दौरान लायन माधव राय, कुलदीप सिंह कथूर, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, तजिन्दर सिंह धंजल, रविन्द्र टुटेजा, विजेन्द्र गुप्ता, दिलीप सिंह छाबड़ा ने शपथ ली।

### स्कूल की छुट्टी होने पर बाहर निकलने के दौरान काउ कैचर में फंसा छात्र का पैर

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल में हाल ही में कराए गए मरम्मत कार्य में ठेकेदार द्वारा स्कूल के प्रवेश द्वार में जानवरों को घुसने से रोकने लगाए गए काऊ कैचर लगाया गया है, यहां पर विद्यालय के तीसरी कक्षा के छात्र का पैर काऊ कैचर के गैप में फंसकर जख्मी हो गया। बुधवार को गर्मी छुट्टी बीतने पश्चात करीब पौने दो माह बाद स्कूल खुले थे,स्कूल के प्रथम दिन बुधवार की दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने उपरांत बाहर निकलते समय तीसरी कक्षा के एक छात्र का पैर काऊ कैचर में फंस गया, बालक के चिल्लाने के बाद बच्चों को लेने आए अभिभावक व शिक्षक मौके पर दौड़े और काफी प्रयास के बाद सब्बल से पाइप मोड़कर बालक का फंसा पैर बाहर निकाला जा सका, जिसके बाद मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली है, तत्पश्चात छात्र को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### चौपाल लगाकर पुलिस ने ग्रामीणों को दी नए कानून की जानकारी



**सूरजपुर।** चौकी लटोरी पुलिस द्वारा ग्राम मंजिरा के साप्ताहिक बाजार में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को नए कानून की जानकारी दी तथा युवाओं को नशा से दूर रहने की समझाईश दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित ग्राम चौपाल में नवपदस्थ चौकी प्रभारी लटोरी विराट विशी द्वारा ग्रामीणों को 1 जुलाई से लागू होने वाले 3 नए कानूनों, साइबर क्राईम, वर्तमान में हो रहे धोखाधड़ी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए उनकी शिकायत-समस्याएं को जाना। मौजूद ग्रामीणों से चर्चा कर गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली और नशे से दूरी बनाने की समझाइश दी। उन्होंने नशे से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि नशे के धंधे में लिप्त लोगों की सूचना पुलिस को दे ताकि उनके विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा ग्रामीणों को अपराध से बचने की समझाईश दी और वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड,बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### कलेक्टर ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

**सूरजपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने, सड़क सुरक्षा को बढावा देने तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने हेतु जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने हैलमेट, सीट बेल्ट व ड्रिंक एण्ड ड्राइव केस को लेकर शक्ति बरतते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## तलवार के हमले से व्यावसाई पिता-पुत्र हुए घायल, जांच में जुटी पुलिस

# सेंट्रिंग व्यावसाई के घर पर सशस्त्र हथियारबंद नकाबपोशों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- लटोरी पुलिस ने डकैती व हत्या के प्रयास का मामला किया दर्ज

सेंट्रिंग व्यवसाई के निवास पर हथियार बंद दो युवकों ने धावा बोलकर व्यवसाई व उसके पिता पर तलवार से प्राणघातक हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस द्वारा सूचना पर मौके पर पहुंचकर विवेचना शुरू कर दी है। लटोरी चौकी से महज कुछ ही फर्लांग दूरी पर अंबिकापुर-बनारस हाइवे मार्ग किनारे स्थित संजय अग्रवाल के सेंट्रिग प्लेट व महुआ दुकान में मंगलवार की रात करीब एक बजे दो अज्ञात सशस्त्र नकाबपोश युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया, यहां पर किसी के आने की सुगबुगाहट मिलते ही वहीं पास में सो रहे व्यवसाई 38 वर्षीय संजय अग्रवाल जब हल्ला करते हुए उठकर बाहर आया। तभी अज्ञात नकाबपोश युवकों ने तलवार से व्यवसाई पर हमला कर दिया। व्यवसाई द्वारा साहस का परिचय देते हुए आरोपियों से भिड़ गया और एक युवक के हाथ से तलवार को छीन लिया, तभी दूसरे नकाबपोश युवक ने हमला कर दिया।



घटना स्थल की जांच करती पुलिस, इनसेट में घायल व्यवसायी।

इसी बीच व्यवसाई संजय अग्रवाल के 58 वर्षीय पिता सुभाष अग्रवाल लाठी लेकर बीच बचाव करने पहुंचे तब एक आरोपी ने वृद्ध पर भी तलवार से हमला कर दिया। इसी बीच वृद्ध द्वारा लाठी से हमला किए जाने पर दोनों अज्ञात नकाबपोश युवकों ने अपनी तलवार व गमछा को वहीं छोड़कर मौके से भाग निकले। पीड़ित व्यवसाई संजय अग्रवाल ने बताया कि दोनों नकाबपोश युवकों द्वारा सरगुजीहा भाषा का उपयोग करते हुए अश्लील गाली गलौज कर रहे थे, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी आसपास गांवों के निवासी हो सकते हैं। दोनों नकाबपोश युवकों की उम्र 30-35 वर्ष के बीच की ही बताई जा रही है। मामले में व्यवसाई संजय अग्रवाल के सिर के अलावे तलवार को छीनने के दौरान शरीर के कई हिस्से में तलवार की धार से चोट आई है जबकि व्यवसाई के पिता सुभाष अग्रवाल के सिर पर भी तलवार के हमले से चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर एसडीओपी नंदनी ठाकुर, जयनगर टीआई नरेंद्र कुमार सिंह, लटोरी चौकी प्रभारी विराट विशी, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, आरक्षक शोभनाथ कुशवाहा दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। व्यवसाई संजय अग्रवाल की रिपोर्ट पर लटोरी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 394, 450, 307 के तहत अपराध दर्ज करके आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि व्यवसाई संजय अग्रवाल के यहां करीब 6-7 माह पूर्व भी सेंधमारी करके अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का असफल प्रयास किया जा चुका है। व्यवसाई संजय अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों के पैर में जूता चप्पल भी नहीं पहना गया था। साथ ही भागने के दौरान दोनों आरोपी एक दूसरे के विपरीत दिशा में भागे हैं।

#### घर व दुकान में लगे आठ सीसीटीवी कैमरे मिले खराब

व्यवसाई संजय अग्रवाल द्वारा घर व दुकान में वैसे तो करीब आठ सीसीटीवी कैमरा लगवाए गए हैं, लेकिन सभी सीसीटीवी कैमरे पिछले दो वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। ऐसी स्थिति में पुलिस के लिए आरोपियों की पहचान के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



दुर्घटनाग्रस्त बस।

## रांची से चिरमिरी जा रही यात्री बस अस्थाई शेड से टकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रांची से चिरमिरी जा रही एक यात्री बस बुधवार की सुबह तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर अनियंत्रित होकर अस्थाई शेड से टकरा गई। हालांकि दुर्घटना में किसी तरह का कोई हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

दरअसल बुधवार की तड़के करीब साढ़े चार बजे रांची से चिरमिरी जा रही कल्याणी बस क्रमांक सीजी 15 एबी 1141 का चालक ग्राम पंचायत कुरुवा में हनुमान मंदिर के एनएच 43 पर मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गन्ना जूस बेचने के लिए बनाए गए झोपड़ीनुमा अस्थाई शेड से टकरा गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में किसी भी बस सवार को चोट तो नई आई है लेकिन यात्री बस के सामने का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया है,सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर बस सवार यात्रियों को सुरक्षित अन्य वाहन से गंतव्य को रवाना कर दिया। इसके पश्चात झोपड़ी में फंसे बस को भी निकलवा कर अंबिकापुर भिजवा दिया है।

## ग्राम पंचायत सलका के विभिन्न निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

- जनपद सीईओ के जांच में हुआ खुलासा, जल्द निर्माण पूरा करने दिए निर्देश

जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत सलका में विभिन्न निर्माण कार्य में न सिर्फ लापरवाही बरती गई बल्कि आधा अधूरा कार्य कर राशि का आहरण कर लिया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर जनपद पंचायत सीईओ टीम के साथ तीन प्रकरण की जांच की जिसमें गड़बड़ी पाई गई। जनपद सीईओ ने अधूरे कार्य को जल्द पूर्ण करने निर्देशित किया।

जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत सलका में मिले शिकायतों के निराकरण और जांच के संदर्भ में जनपद पंचायत भैयाथान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय गुप्ता टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने तीन शिकायत की जांच की। जिसमें ट्यूबवेल की स्वीकृति बहुत पहले हुई थी लेकिन इस इस भीषण गर्मी तक कार्य पूर्ण नहीं पाया जबकि 40 प्रतिशत राशि आहरण भी हो गया था। जांच में



पता चला कि गांव के रामचंद्र के घर के समीप निर्धारित जगह पर ट्यूबवेल खनन हुआ ही नहीं है। जबकि अग्रिम राशि बोरवेल गाड़ी को एडवांस दिया गया है। जिस पर सीईओ ने दो दिन के भीतर खनन करने निर्देश दिए। दूसरी जांच में 1 लाख 93 हजार की लागत से मिट्टी मुरम सड़क जो आज पूर्ण हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि मात्र 83 ट्रिप ट्रैक्टर रोड पर मुरूम गिरा है और सड़क अधूरा है जिसे पूर्ण बता दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इंजीनियर को मौके पर बुलाया गया था लेकिन इंजीनियर जांच नहीं किया और बैठे-बैठे ही सत्यापन कर कार्य को पूर्ण बता दिया गया जबकि इस संबंध में सरपंच को जानकारी ही नहीं है कि पंचायत में सड़क निर्माण हुआ है। इसके अलावा मुक्तिधाम बाउंड्री वाल को लेकर कई बार ग्रामीणों ने अधिकारियों को मुक्तिधाम में घटिया निर्माण के संबंध में अवगत कराया था। जांच पर जनपद पंचायत सीईओ ने पाया कि कालम में हाथी पांव का कॉलम नहीं है इस बात का उल्लेख था जो जांच में सही पाया गया पर पूरे बाउंड्री वॉल पर एस्टीमेट के हिसाब से 21 कॉलम पर बाउंड्रीवाल होना चाहिए था मगर मात्र 11 कालम पर ही पूरा बाउंड्री वॉल किया गया था। जनपद सीईओ ने ग्रामीणों से कहा कि जो 10 कालम कम है उसका पैसा इंजीनियर अपनी जेब से भरेगा इसके लिए ऑफिस जाकर इंजीनियर के नाम से रिकवरी बनाता हूं। ग्रामीणों के कहने पर बरसात से पहले स्ट्रीट लाइट खंबो पर तथा खाद्यान्न वितरण केंद्र के सामने सेट निर्माण की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए सरपंच-सचिव को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम अधिकारी विजय एक्का, एसडीओ मीनू मंडल, सब इंजीनियर आर एन निरलमलकर, सब इंजीनियर लखन राम मौजूद थे।

#### शिकायत सही पाई गई

ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर जाकर जांच की गई। शिकायत सही पाई गई। जांच में मुक्तिधाम में 10 कॉलम नहीं ळे जिसकी रिकवरी लेटर भेजा जाएगा। बोर खनन नहीं हुआ है दो दिन के भीतर खनन करने कहा गया है। सरपंच व सचिव की कार्य प्रणाली सही नहीं है। सचिव का दो इंक्रीमेंट रोका गया है। सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर करने पर सरपंच थाने में शिकायत करें।

-विनय गुप्ता
जनपद पंचायत सीईओ

#### किया गया फर्जी हस्ताक्षर

मिट्टी मुरूम रोड निर्माण की मुझे कोई जानकारी नहीं है। मेरे नाम से फर्जी हस्ताक्षर करके उसका पैसा आहरण किया गया है।

-तारामणि सिंह
सरपंच सलका

## ग्राम पंचायत चुनगड़ी में सीसी सड़क की स्वीकृति होने से ग्रामीण खुश

**सलका अघिना।** जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत चुनगड़ी में भटगांव विधायक व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े की पहल पर से गांव में सीसी सड़क की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों बताया कि बरसात के दिनों में कच्ची सड़क पर बारिश का पानी जमा हो जाने से मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाता जिससे आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से सीसी सड़क की स्वीकृति मिली है। सड़क बनाने के लिए आज मार्ग का निरीक्षण किया गया। सरपंच रवि विश्वकर्मा ने बता कि मंत्री की पहल पर आज सीसी सड़क बनाने के लिए नापजोख किया गया है और बरसात के पूर्व की सीसी सड़क बन जाएगी। इस दौरान लालजी राजवाड़े, राधे सिंह, सचिव नागेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## गांगीकोट में क्षतिग्रस्त पोल से कराई जा रही विद्युत आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत गांगीकोट स्कूल पारा में पिछले छह महीने से जमीन पर गिरे विद्युत पोल से विद्युत आपूर्ति होने से कभी भी गंभीर हादसा घटित हो सकता है। बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गांगीकोट स्कूल पारा में अरविंद के घर पास से गुजरा एलटी लाइन का विद्युत पोल करीब छह महीने पूर्व ही धराशाई हो गया है।

हैरानी की बात है कि यहां पर धराशाई विद्युत पोल के सहारे आज तक गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल रखी गई है। अब ऐसी स्थिति में अंदाज लगाया जा सकता है कि मैदानी स्तर पर विभागीय कर्मचारियों द्वारा किस हद तक लापरवाही बरती जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को बदलने हेतु कई बार विभाग के मैदानी कर्मचारियों को दिए जाने के बाद भी आज तक उक्त गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे यहां पर हमेशा किसी बड़ी अनहोनी का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों द्वारा जब आज भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता को बुलाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए अपने समस्या से निजात दिलाए जाने की बात कही गई, तब भाजयुमो जिला महामंत्री गुप्ता ने



क्षतिग्रस्त पोल।

तत्काल बिश्रामपुर के विद्युत अधिकारी से चर्चा करके वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए ग्रामीणों की समस्या को निराकृत कराए जाने की बात कही। जिस पर विद्युत अधिकारी द्वारा जल्द ही उक्त छतिग्रस्त विद्युत पोल को बदलवाए जाने का भरोसा दिलाया है।

## विधायक ने बाजार भ्रमण कर लोगों से की मुलाकात, सुनी समस्याएं

**डांड़गांव।** साप्ताहिक बाजार डांड़गांव में विधायक राजेश अग्रवाल ने साप्ताहिक बाजार का भ्रमण कर लोगों से भेट की। बाजार में आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया।



ग्राम गुमगा निवासी दिव्यांग विपिन कुमार गुप्ता के विधायक से नए ट्राई साइकिल मांग की तो विधायक ने शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही ग्रामीणों के अन्य समस्याओं का विधायक राजेश अग्रवाल ने निराकरण किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों ने मुझे विधायक बनाया है आप लोगों को कोई भी दिक्कत नहीं होगी, मेरी पहली प्राथमिकता जनता, गरीब तबके के लोगों का सेवा करना है। उन्होंने साप्ताहिक बाजार में बन रहे पक्के बाजार शेड निर्माण का निरीक्षण किया।

## बच्चों ने आज स्कूल में रखा कदम, जिले में शाला प्रवेश उत्सव प्रारंभ



**सूरजपुर।** लंबी छुट्टी के बाद आज जिले के सभी 2 हजार 85 शासकीय स्कूल खुल गए हैं। जिले में विभिन्न चरणों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत आज शासकीय प्राथमिक शाला माझा पारा, शासकीय प्राथमिक शाला सुंदरपुर, माध्यमिक शाला सुंदरपुर सहित अन्य विद्यालयों मे हर्षोल्लास के साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों का तिलक कर उन्हें पुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया।

- शाला प्रवेश उत्सव में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े हुई शामिल

शाला प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस पर आज महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति बीरपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चों के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया। उन्होंने स्कूल के प्रवेश द्वार में बच्चों का तिलक कर और उन्हें मिठाई खिलाकर, उनका हाथ पकड़कर उनकी कक्षा में प्रवेश दिलाया। उन्होंने बच्चों को पाठ्यक्रम की पुस्तकों के साथ शाला गणवेश का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी और कहा कि ज्ञान अर्जित कर बच्चे अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। शाला प्रवेश उत्सव के तहत कल सूरजपुर ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन भी किया जाना है। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि व अन्य नागरिक उपस्थित होंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**प्रेमनगर।** छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के तत्वावधान में आज अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला कालीपुर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के अनिल हरदहा ने कहा कि नशा मानव समाज के लिए घातक है और नशा हर अपराध की जननी है। नशेड़ी व्यक्ति अपने इच्छाओं को पूरा करने चोरी, लूट,डकैती जैसे आपराधिक कृत्य करने लगता है। इस अवसर पर योगेश गुप्ता, हरकेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नशा मुक्ति के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा भी नशा मुक्त सूरजपुर बनाने हेतु निरंतर कार्य कर रहें है। छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा लगातार जिले में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भारती साहू ने कहा कि हमें किशोरावस्था में बालक, बालिकाओं को भी नशा से होने वाले नुकसानों से अवगत कराना जरूरी है, जिससे वे नशे से होने वाली विभिन्न बीमारियों को जान सकें। इस दौरान ज्योति एक्का, भारत कुमार चौहान, महिपाल सिंह, घनसाय सिदार,जया सिंह, शिव कुमार जायसवाल, अनिल कुमार पैकरा, बसंत कुमार प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

## कम्पनी वित्त विभाग के सक्रिय होने से 22 लाख की रक़म की हो गई रिकवरी

# फर्जी चेक लगाकर एसईसीएल के खाते से 37 लाख का अज्ञात ठग ने कर लिया आहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- प्रबंधन ने बिश्रामपुर थाने में की रिपोर्ट

एसईसीएल कम्पनी के स्टेट बैंक बिश्रामपुर शाखा में संचालित खाते से अज्ञात ठग द्वारा फर्जी चेक लगाकर सैंतीस लाख रुपए का आहरण कर लिया है।मामले की जानकारी मेल व मैसेज से लगने के बाद कम्पनी वित्त विभाग के अधिकारी सक्रिय हुए और बैंक पहुंचकर तत्काल शिकायत दर्ज कराई ,इस दौरान आहरण की गई कुछ रकम उसी दिन रिकवर कर लिए जाने की जानकारी है।एसईसीएल कम्पनी प्रबंधन द्वारा मामले की रिपोर्ट देर शाम बिश्रामपुर थाना में की है।

गौरतलब है कि अज्ञात ठग द्वारा फर्जी चेक लगाकर 37 लाख रुपये की राशि आहरित कर लेने पश्चात जब एसईसीएल के वित विभाग के अधिकारियों को बड़ी राशि आहरण होने का मैसेज मिला ,इसके बाद वित्त विभाग ने चेक नंबर जिससे राशि आहरित हुई है का नम्बर मिलान कराया तो पता चला कि उक्त चेक नंबर अभी किसी को जारी ही नहीं किया गया है।चेक नंबर मिलान के बाद कम्पनी प्रबंधन ने मंगलवार की दोपहर बाद बैंक पहुंचकर मामले की आपत्ति एसबीआई ब्रांच मैनेजर रवि सिंह के समक्ष दर्ज कराई जिसके बाद ब्रांच मैनेजर ने तत्काल बैंक के उच्च प्रबंधन को मामले से अवगत कराया है, खबर है धोखाधड़ी की पुष्टि होने के बाद करीब 22 लाख की रकम इसी दिन रिकवरी भी कर ली गई है।शेष राशि खर्च कर दिया जाना बताया जा रहा है जिसे बैंक प्रबंधन रिकवर करने का प्रयास कर रही है।

#### पंजाब नेशनल बैंक बिलासपुर से हुआ है आहरण

बताया गया कि एसबीआई की फर्जी चेक का सीरियल नंबर जो प्रबंधन को जारी किया गया था।उसी सीरियल नंबर के फर्जी चेक को लगाकर पंजाब नेशनल बैंक सदर बाजार बिलासपुर से रक़म आहरण कर ली गई है।बताया जाता है की वर्तमान में ऑनलाइन के जमाने में चेक को कलेक्शन के लिए संबंधित शाखा में भेजने के बजाय चेक की इमेज भेज देते है और चेक मिलान के बाद उसका ट्रैंज़ेक्शन हो जाता है।आश्चर्य की बात यह है कि संबंधित बैंक के अधिकारी ने बिना जांचे परखे फर्जी चेक को आखिर क्लियर कैसे कर दिया जो जांच का विषय है।बैंक प्रबंधन ने चेक प्रोसेसिंग सेल (सीसीपीसी) भोपाल से संपर्क कर फर्जी चेक के भुगतान में गड़बड़ी होने की सूचना भेज दी है।

#### हाल ही में फर्जी टीडीआर से सुर्खियों में आया था एसबीआई

बता दें कि अभी दो माह पूर्व एस बी आई बिश्रामपुर ब्रांच से जारी दो लाख तीस हजार की फर्जी टीडीआर पकड़ में आई थी जिसे ठेकेदार ने एस ई सी एल के टेंडर में जमा किया था।टर्म डिपाजिट रसीद में शंका होने पर एसई सी एल के वित विभाग ने जब इसका बैंक से सत्यापन कराया तो फर्जी निकला।इस मामले को भी बैंक प्रबंधन व एसईसीएल प्रबंधन ने किसी प्रकार की कोई कार्यवाही किए बग़ैर मामले को दबा दिया।बताया गया कि इसी मामले में एसबीआई ब्रांच मैनेजर को लापरवाही बरतने के आरोप में हटाया जा चुका है है।

## एसपी ने बिना सूचना अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित दो आरक्षकों को किया बर्खास्त


**अंबिकापुर।** बिना किसी सूचना के एक व डेढ़ साल से अनुपस्थित दो आरक्षकों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने कड़ी कार्रवाई की है। आरक्षकों के अनुपस्थित रहने पर उनकी गैरहाजरी को अर्जित अवकाश में शामिल कर सुधार का मौका भी दिया गया लेकिन इसके बाद भी आरक्षकों की आदत में सुधार नहीं हुआ और नोटिस का जवाब भी देना उचित नहीं समझा ऐसे में अब एसपी ने लापरवाही और अनुशासन हीनता को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरक्षकों को बर्खास्त कर दिया है।

बताया जा रहा है कि आरक्षक क्रमांक 224 विष्णु दयाल सिंह सीतापुर थाने में पदस्थ था जबकि आरक्षक क्रमांक 512 प्रवेश मंडल रक्षित केंद्र में पदस्थ था और दोनों आरक्षक बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। पुलिस के अनुसार आरक्षक विष्णु दयाल सिंह 3 मार्च 2023 से आज दिनांक तक कुल 481 दिनों तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहा जबकि आरक्षक प्रवेश मंडल 30 जून 2023 से आज दिनांक तक कुल 362 दिनों तक अनुपस्थित है। दोनों आरक्षकों के खिलाफ आरोप पात्र जारी कर विभागीय जांच की गई।

विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने के बाद दोनों आरक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया और विभागीय जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया गया लेकिन आरक्षकों ने विभागीय जांच में सहयोग नहीं किया और ना ही जांच के लिए उपस्थित हुए। पुलिस के अनुसार पूर्व में भी आरक्षकों के गैरहाजिर रहने पर उन्हें आदतों में सुधार का मौका देने के लिए गैरहाजिर अवधि को अर्जित अवकाश में शामिल किया गया था लेकिन सुधार के कई अवसर देने के बाद भी आरक्षकों में कोई सुधार नहीं हुआ। ऐसे में आज एसपी योगेश पटेल ने आरक्षक 224 विष्णु दयाल सिंह एवं आरक्षक 512 प्रवेश मंडल कों सेवा से पृथक कर दिया है ।

27-Jun- Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/27/2024 7:42 PM Page 1





# अमिताभ ने मुंबई में खरीदी 59.58 करोड़ रुपए की तीन प्रॉपर्टी

**मुंबई।** इस वक्त अमिताभ बच्चन द्वारा मुंबई में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदे जाने की खबरें सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता ने मुंबई में 59.58 करोड़ रुपये की कुल कीमत के तीन कार्यालय संबंधी प्रॉपर्टी खरीदी है। उनकी खरीदी हुई ये तीनों 2701, 2801 और 2901 नंबर प्रॉपर्टी 8,429 वर्ग फीट के संयुक्त क्षेत्र में फैली हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वीर सावरकर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए इस सौदे में तीन कार पार्किंग स्थल भी शामिल हैं और इसके लिए उन्होंने 3.57 करोड़ रुपए की स्टैम्प ड्यूटी भी चुकाई है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उनका ये ऑफिस सिग्नेचर बिल्डिंग में हैं, जहां काजोल, सारा अली खान और कार्तिक आर्यन जैसे स्टार्स के ऑफिस भी हैं।

लाइफ Style



# ऋचा

## लज्जो के लिए मिल रहा बेइंतहा प्यार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऋचा ने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही मां बनने वाली हैं। उनका थर्ड ट्राइमेस्टर चल रहा है। अब उन्होंने इंस्टा पोस्ट शेयर करके बताया है कि वो कैसा फील कर रही हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'तीसरा ट्राइमेस्टर अपने साथ बेचैनी, अनिद्रा, एसिड ट्रिपी सपने, पीठदर्द, माइग्रेन और रोने वाला मूड लेकर आता हैतो यहां पर पास्ट की कुछ झलकियां हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रमोशन के दौरान इंडियन कपड़े पहनना पसंद आया। क्योंकि फ्यूचर बेहतर होगा, लेकिन पास्ट आज से बेहतर है।

उन्होंने लगभग दो महीने हो गए हैं, लेकिन मुझे लज्जो के लिए बेइंतहा प्यार मिल रहा है। उन्होंने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था। ऋचा चड्ढा को लज्जो के रूप में दर्शकों से बेहद प्यार मिला था। संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऋचा के साथ मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सेगल, संजीदा शेख जैसी एक्ट्रेस नजर आईं थीं।

हॉलीवुड मसाला



# चोट से नहीं उबर सके हैं जेरेमी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी रेनर बर्फ में हुई दुर्घटना से अब तक पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में उन्होंने स्वीकार किया कि वह अब भी चुनौतीपूर्ण किरदारों को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं। हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर को मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में हॉकआई की भूमिका से दुनियाभर में खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस किरदार के बाद उन्हें भारत में भी खास पहचान मिली। हाल ही में अभिनेता ने एक पॉडकास्ट में अपने बारे में खुलकर बात की।



# टॉम हैंक्स एआई की तस्वीर में दिख रहे युवा

**लॉस एंजिलिस।** टॉम हैंक्स इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता एक बार फिर से 'फॉरेस्ट गंप' के निर्देशक रॉबर्ट जेमेकिस के साथ उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हियर' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने 'हियर' की एक तस्वीर को दर्शकों के संग साझा किया है। इस तस्वीर में फिल्म की अभिनेत्री रॉबिन राइट और टॉम हैंक्स एकदम युवा दिख रहे हैं। टॉम हैंक्स के फैंस में इस फिल्म को लेकर अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। 'हियर' को रॉबर्ट जेमेकिस ने एरिक रोथ के साथ मिलकर लिखा है। टॉम हैंक्स की आगामी फिल्म 'हियर' रिचर्ड मैकगायर के उपन्यास पर आधारित होगी। 2014 में प्रकाशित हुए इस ग्राफिक उपन्यास का नाम भी पर 'हियर' ही था। इस उपन्यास में एक ही स्थान पर एक सदी की कहानी लिखी गई है।



# ताहिरा ने साझा किया अपना अनुभव

**मुंबई।** ताहिरा कश्यप के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'शर्माजी की बेटी' इस महीने ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। ताहिरा कश्यप ने कहा कि उन्हें इस फिल्म में एक ए लिस्ट मेल एक्टर को लेने का सुझाव दिया गया था। इसके अलावा ताहिरा कश्यप ने फिल्म के पीछे हुए देर की वजह भी बताई। बातचीत के दौरान ताहिरा ने कहा कि यह देखते हुए कि फिल्म 'शर्माजी की बेटी' के लिए उन्होंने अपने नजरिए के प्रति सच्चे रहने के महत्व पर जोर दिया, भले ही दूसरे सहमत न हों। लोगों ने फिल्म बनाने के लिए कास्टिंग विकल्पों सहित कुछ और स्टीरियोटाइप के हिसाब से उन पर दबाव डाले। ताहिरा ने कहा कि फिल्म के लिए प्रोड्यूसर की तलाश चुनौतीपूर्ण रही।



# नागार्जुन ने पूरी की फैन की मुराद

**मुंबई।** बीते दिनों साउथ इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता नागार्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। उसमें वे मुंबई एयरपोर्ट से निकलकर आ रहे थे। इस दौरान एक दिव्यांग प्रशंसक उनसे मिलने के लिए दौड़ा, लेकिन नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने प्रशंसक को न सिर्फ रोक दिया, बल्कि जोर से धक्का भी मारा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने नागार्जुन की आलोचना की। वीडियो वायरल होते देख नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी। अब उन्होंने इस प्रशंसक से मुलाकात भी की है। नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने जिस दिव्यांग प्रशंसक को धक्का मारा था, अभिनेता उससे मिलते नजर आए हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जो विरल भियानी के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है।

टीवी मसाला



# 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है'

## अरमान के बयान पर भड़कीं देवोलीना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी-3' जब से शुरू हुआ है। यह तब से खबरों में है. शो में भाग लेने वाले अरमान मलिक को सबसे ज्यादा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शो में केवल वे ही नहीं उनकी दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिक को भी लोग काफी ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में दीपक चौरसिया से बात करते हुए अरमान ने कहा था कि 'हर आदमी 2 पत्नियां चाहता है'। अब उनके इस बयान पर एक्ट्रेस बिग बॉस फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने उनके बयान को गलत करार दिया। इसके साथ ही बताया कि उनके इरादे 'अश्लील' हैं। देवोलीना भट्टाचार्जी ने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें अरमान यह कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है।' यह बात 'साथ निभाना साथिया' की अभिनेत्री को पसंद नहीं आई और उन्होंने अरमान की इस टिप्पणी के लिए उनकी खिंचाई की। उन्होंने लिखा, 'मैं हर आदमी के बारे में तो नहीं कह सकती, लेकिन निश्चित रूप से जो लोग गंदे इरादे रखते हैं, वे 2, 3 या 4 पत्नियां रखना चाहते होंगे। कृपया यह गंदगी बंद करो। भगवान के लिए यह बंद करो। किसी दिन अगर वही पत्नियां कहने लगें कि उन्हें भी 2-2 पति चाहिए, तो उसे भी देखना अच्छा लगेगा।

## 3 साल की डेटिंग के बाद तेजस्वी करण का हो गया ब्रेकअप!

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में कई रिश्ते बने, कुछ का प्यार हमेशा के लिए रहा, तो कोई कुछ सालों के बाद अलग हो गए. बिग बॉस 15 में यूं तो तेजस्वी



प्रकाश और करण कुंद्रा एक दूसरे के कंपीटीटर बनकर आए थे, लेकिन शो को दौरान दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। दोनों ने बाहर आकर अपने प्यार को कबूल भी किया। लेकिन, तीन साल प्यार के रिश्ते में रहने के बाद अब खबर है कि दोनों के बीच अब सब खत्म को हो गया है। सूत्र ने बताया कि दोनों के बीच में पिछले कुछ समय से छोटी-छोटी बातों पर बहस और लड़ाइयां हो रही थीं। इसलिए दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। दोनों अभी भी पब्लिक में एक साथ नजर आ रहे हैं। क्योंकि वो दोनों पिछले तीन साल से एक पावर कपल रहे। वो दोनों अभी अपने ब्रेकअप का जल्द ऐलान नहीं करने वाले हैं। हालांकि, करण और तेजस्वी ने अपने ब्रेकअप पर कोई भी कमेंट नहीं किया है।

# सास शर्मिला टैगोर की बात सुन भन्ना जाएंगी करीना...

**नई दिल्ली।** शर्मिला टैगोर इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' और हिट फिल्म 'क्रू' देखने के बाद अपना रिव्यू दिया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उन्होंने किरण रॉय की फिल्म 'लापता लेडीज' को भी देखा। अब इन तीनों फिल्मों के बाद उन्होंने अपनी फीलिंग शेयर की और बताया कि उन्हें कौन सी फिल्म सबसे बेस्ट लगी। यूट्यूब चैनल दिल से पर बात करते हुए शर्मिला टैगोर ने हिट फिल्म क्रू पर अपनी राय साझा की। इस फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन लीड रोल में थी। यह फिल्म एविएशन इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित है



और इसमें सभी चीजें मजेदार हैं। हालांकि शर्मिला को यह फिल्म बेहद 'बेतुकी' लगी। शर्मिला ने 'क्रू' का रिव्यू करते हुए कहा- इस फिल्म की एक अच्छी बात थी कि ये उस सोच पर वार करती है कि महिला ही महिला की दुश्मन है, लेकिन बाकी सब पर यकीन करना बेहद मुश्किल है। जैसे फिल्म के एक सीन में प्लेन लैंडिंग का सीन, एक तिजोरी तोड़ रही है और तीनों औरतों अलग -अलग चीजें करती आ रही हैं। ये थोड़ा हकीकत से परे लगता है। बेशक इस फिल्म में तीन लीड एक्ट्रेसेज थीं और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा बिजनेस रहा है।

# श्रीदेवी की सुपरहिट फिल्म के क्लाइमैक्स ने छुड़ा दिए थे अच्छे-अच्छों के पसीने, ओटीटी पर भी कायम रहा जलवा

*नई दिल्ली। साल 2017 में आई दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। खासतौर पर फिल्म के सस्पेंस और क्लाइमैक्स ने तो लोगों को दीवाना बना दिया था। ओटीटी पर आने के बाद भी इस फिल्म का जलवा कायम रहा था। फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' के बाद श्रीदेवी ने फिल्म 'मॉम' के साथ बॉलीवुड में वापसी की थी। इस फिल्म को ना सिर्फ दर्शक बल्कि क्रिटिक्स ने भी खूब सराह था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। थिएटर के बाद जब ये फिल्म ओटीटी पर भी आई तो इस फिल्म का जलवा कम नहीं हुआ था। मां-बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर बनी फिल्म इस की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। मॉम में पहली बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी, श्रीदेवी ने साथ-साथ काम किया था। इस फिल्म में श्रीदेवी की बेटी का रोल पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली ने निभाया था।*




*इस फिल्म ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिल पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को रिलीज के पहले हफ्ते में ही सुपरहिट मान लिया गया था। फिल्म को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए इसे कई भाषाओं में डब किया गया था। सभी भाषाओं में ही इस फिल्म ने शानदार कमाई की। श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने चीन में रिलीज के बाद कितने रिकॉर्ड्स तोड़ती है। इस फिल्म के लिए श्रीदेवी को उनके निधन के बाद 'नेशनल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था। चीन में जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो बोनी कपूर काफी भावुक हो गए थे। श्रीदेवी की इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का लुक देखकर तो लोगों के होश ही उड़ गए थे। फिल्म की कहानी ने तो दर्शकों को दीवाना बनाया ही था। साथ ही इस क्राइम-थ्रिलर फिल्म का सस्पेंस देख लोगों का दिमाग हिल गया था।*

# अंजू महेंद्रू नहीं, इस एक्ट्रेस संग 'काका' की स्ट्रांग बॉन्डिंग देख जलती थीं डिंपल?

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसमान छू रहा था। अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। बॉलीवुड में यूं तो कई स्टार्स हैं, जिनके प्यार के किस्सों की अलग-अलग कहानियां हैं। एक जमाने में रेखा संग अमिताभ बच्चन की दोस्ती सुर्खियों में थी। देवानंद साहब के साथ सुरैया का नाम जुड़ा तो दिलीप कुमार के साथ मधुबाला. राजेश खन्ना बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार रहे। अंजू महेंद्रू संग उनके रिलेशनशिप में रहने और फिर अपनी उम्र से 16 साल छोटी डिंपल कपाड़िया से शादी कर खूब सुर्खियां लूटीं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अंजू महेंद्रू नहीं एक बॉलीवुड हसीना के साथ 'काका' की बॉन्डिंग इतने जबरदस्त थी कि कई बार तो उनकी



पत्नी यानी डिंपल कपाड़िया को भी जलन होने लगती थी।

डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसमान छू रहा था. अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं मुमताज थीं। फिल्म इंडस्ट्री के लोग कई नामों से इन्हें बुलाते थे। राजेश खन्ना उन्हें प्यार से 'मोटी' कहते थे। देवानंद उन्हें प्यार से 'मुंजी' बुलाया करते थे और बहुत सारे लोग उन्हें उनके निक नेम 'मुमु' से पुकारा करते थे। राजेश खन्ना संग उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है और दोनों की जोड़ी को भी पर्दे पर लोगों ने काफी पसंद किया. 'प्रेम कहानी', 'दो रास्ते', 'आपकी कसम', 'दुश्मन', 'रोटी', 'अपना देश', 'राजा-रानी' और 'बंधन' जैसी कई फिल्मों में दोनों को साथ देखा गया। राजेश खन्ना और मुमताज की दोस्ती बहुत गहरी थी। एक बार वो भीड़ में बिना हिचक के राजेश खन्ना की जान बचाने चली गई थीं। लेकिन, राजेश खन्ना और मुमताज की इस दोस्ती से डिंपल कपाड़िया को जलन होती थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब राजेश खन्ना का नाम मुमताज से जुड़ा तो डिंपल को पहले तो विश्वास नहीं हुआ, लेकिन लगातार आ रही खबरों ने उनके विश्वास को डोला दिया और मन में शक होने लगा। अब, जब भी राजेश खन्ना मुमताज के साथ कोई फिल्म करते तो डिंपल सेट पर पहुंच जाया करती थीं।



# मारेडुमिली वन क्षेत्र में हो रही है 'स्वयंभू' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी नई फिल्म 'स्वयंभू' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को दमदार एक्शन देखने की उम्मीद है। निखिल की पिछली फिल्म 'स्पाई' थी, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों की ओर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी। 'स्वयंभू' को लेकर ताजा अपडेट यह है कि फिलहाल मारेडुमिली वन क्षेत्र में फिल्म में शूटिंग चल रही है, जो आंध्र प्रदेश में स्थित है। यह इलाका बेहद खूबसूरत है। निखिल के साथ अन्य कलाकार भी सेट पर जमें हुए हैं। इस लोकेशन पर फिल्म के कुछ अहम सीन को शूट किया जाएगा। सेट डिजाइन का काम एम प्रभाकरन की देख-रेख में हो रहा है। 'स्वयंभू' का निर्देशन भरत कृष्णामाचारी कर रहे हैं। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ-साथ संयुक्ता भी मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### आपातकाल की 50 वीं बरसी को काला दिवस के रूप में मनाया

**मनेन्द्रगढ़।** अपनी कुर्सी बचाने के लिए स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल



लागू कर देश के संविधान पर कालिख पोतने का काम किया था। यह देश के लिए काला धब्बा था, जो कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता रहेगा। यह बातें आपातकाल की 50 वीं बरसी पर भाजपा द्वारा मंगलवार की शाम को गांधी चौक पर आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाने के अवसर पर भाजपा नेता सुरेश श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि देश में स्वर्गीय नेहरू ने 16 बार, इंदिराजी ने 14 बार, राजीव गांधी ने आठ बार और मनमोहन सिंह सरकार ने चार बार संविधान की हत्या की, जबकि आज कांग्रेस पार्टी भाजपा पर संविधान बदलने का दुष्प्रचार करने वाली कांग्रेस पार्टी भूल गई है कि गांधी परिवार का इतिहास स्वार्थ के लिए लोकतंत्र को कुचलने वाला रहा है, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संविधान सुरक्षित हाथों में है।

### नपाध्यक्ष धीरेन्द्र ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में भाजपा ने आपातकाल की 50 वीं बरसी पर काला दिवस



मनाया। इस मौके पर नगर पंचायत खोंगापानी के अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी कांग्रेस और उसके सहयोगियों को मौका मिला। उन्होंने संविधान को कमजोर करने की कोशिश की। भाजपा और एनडीए ने हमेशा इसका विरोध किया है और आगे भी करते रहेंगे। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि विगत 50 वर्षों में जब भी कांग्रेस को और उसके गठबंधन को जहां भी अवसर मिला है, उन लोगों ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की है। संविधान की मर्यादाओं को चोट पहुंचाने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार इसका विरोध किया है और हम सब समाज को जागृत करते रहेंगे और कांग्रेस जब भी संविधान तोड़ने की कोशिश करेगी। संविधान के खिलाफ कोई काम करने की कोशिश करेगी, भाजपा ऐसा करने नहीं देगी। श्री विश्वकर्मा ने अपने बयान में कहा कि लोकसभा चुनाव में हार से विपक्षी दल सदमे में हैं, उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए को सरकार बनाने का स्पष्ट बहुमत दिया है, इससे वह लोग घबराए हुए हैं और हताशा में अनर्गल बात कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को आपातकाल के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने 1975 में देश में आपातकाल लगाकर संविधान और लोकतंत्र को कुचलने का काम किया था।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में आवेदन 21 तक

**बैकुण्ठपुर।** आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षा सत्र 2024-25 प्रयास आवासीय विद्यालय योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में तथा नक्सल पीड़ति/प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों से कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों के उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्वक स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राज्य एवं राष्टीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रवेश परीक्षा में सफल होने के योग्य बनाने के लिए यह विद्यालय स्थापित की गई है। प्रयास आवासीय विद्यालय में वर्ष 2024-25 में कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 21 जुलाई को प्रातः 11 से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्राक्चयन परीक्षा केन्द्र अंबिकापुर में शामिल होने के लिए कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### 6 तक कर सकते हैं आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 21 जुलाई रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी, जिसकी परीक्षा केन्द्र अंबिकापुर जिला सरगुजा में होगा। कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एमसीबी या वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन की अंतिम तिथि 6 जुलाई रात्रि 12 बजे तक है।

### मौसम की बिगड़ी चाल ने किसानों की बढ़ाई टेंशन

**कोरबा।** मौसम के बिगड़े चाल ने किसान और लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मंगलवार की सुबह लगभग एक घंटे तक आसमान गरज के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद दिनभर तेज धूप की वजह से उमस गर्मी से लोग हलाकान हुए। बुधवार को भी धूप खिली रही। वहीं बारिश नहीं होने से वर्षा पर निर्भर किसानों की चिंता बढ़ा रही है। बुधवार की सुबह आसमान में बदली छाई रही। इस बीच लगभग एक घंटे तक आसमान गरजती रही। सूर्य की तेज किरणों की वजह से धरती तपती रही। सुबह हल्की बूंदाबांदी की वजह से वातावरण में नमी बनी रही। इस कारण उसम भरी ने लोगों को खूब परेशान किया।

## समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा

# मौसमी बीमारियों को रोकने सतर्क रहे स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने बुधवार को समय सीमा की बैठक लेकर टीएल से संबंधित विभागीय योजनाओं की क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने पेयजल की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ को प्रगति लाने और सीएमएचओ और नगर निगम आयुक्त को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बारिश के मौसम में फैलने वाली मौसमी बीमारियों के रोकने स्वास्थ्य के लिए विभाग को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ईई को सप्लाई किए जाने और पेयजल की सैंपल लेकर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त नगर निकायों में पेयजल के लिए कार्ययोजना बनाकर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने भवन विहीन स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी एकत्र कर भवन निर्माण प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और लंबे समय से लंबित पत्रों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के पात्र हितग्राहियों के वोटर आईडी कार्ड बनाने के साथ ही आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य सचिव के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की ओर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सतत जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए। 1 जुलाई से नवीन न्याय संहिता लागू होने के लिए आउटरीच इवेंट की तैयारी एवं क्रियान्वयन के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने कहा। कृषि विभाग को जिले में खरीफ 2024 के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज भंडारण सहित वितरण की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लाभार्थी कृषकों की जानकारी के लिए आरईएओवार एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। 2024 में अब तक लोक सेवा गारंटी में आने वाले राजस्व प्रकरणों का संस्थापन निराकरण एवं शेष लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व अमला को तैयारी करने के निर्देश दिए।

राजस्व नक्शों में सुधार सैटेलाईट नक्शों के मिलान तथा सत्यापन सहित श्रम विभाग को श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिले में घाषित साइलेंस जोन में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए जब्ती अभियान एवं राजसात की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना आवारा मवेशी पर नियंत्रण के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग को उन्होंने विकसित छग 2047 के लिए दस्तावेजों की तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आमाखेरवा ज्यूडिशीयरी क्वार्टर जीएडी क्वार्टर बनाने के लिए प्रस्तावित है, वहां पर पानी की जांच करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सेतु निगम और हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** 26 जून को अंतरराष्टीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया गया। नशा के बारे में बताया गया कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान को अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा के बारे में सबसे पहला कार्य शराब व तम्बाकू को सख्त बंद करना उसके बाद नशामुक्ति हो ऐसी ही आशा करते हैं, क्योंकि जब



शराब आदि न होगी, तो फिर नशा किस बात का उसके बाद लोगों को नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से इसके दुप्रयोग बताएं, ताकि वह इसका कम उपयोग करें, ताकि वह जागरूक हो। विस्तारपूर्वक शे के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता जेल में काया गया। प्रथम स्थान आने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता, विधक सह परिवीक्षा अधिकारी पंकज कुमार वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता बैकुंठपुर अमित श्रीवास्तव, आउटरीच वर्कर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग संजीव कुमार साहू शामिल रहे।

### सांई मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद लगा भंडारा

**मनेन्द्रगढ़।** श्री शिरडी सांई मंदिर में गुरुवार को भंडारा आयोजित हुआ। गुरुवार की सुबह सांई सेवकों ने विधिवत पूजन किया और प्रसाद चढ़ाया। इसके बाद शाम को आरती के उपरांत खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने लंगर ग्रहण किया। इन्हें परोसने वाले श्रद्धालुओं की होड़ रही। सांई बाबा के भंडारे का प्रसाद लेने के लिए लोगों की भीड़ रही। राहगीरों को भी प्रसाद



वितरित हुआ। श्री शिरडी सांई दरबार समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिन्हा ने बताया कि प्रति गुरूवार को सांई भंडारा आयोजित किया जाता है, जो भी भक्त गुरुवार को खिचड़ी भोग का वितरण करवाना चाहते हों वो मंदिर में संपर्क कर सकते हैं। आज के आयोजन में समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिन्हा, संजीव खत्री, अभिषेक सिन्हा, पीयूष शर्मा, शुभ सिन्हा, संजय सेन, मनीष साहू, रम्भा सिन्हा, मनीषा मिश्रा, रूचि मिश्रा, रानी, प्रेम पाण्डेय, गौरव मिश्रा, शौर्य श्रीवास्तव, अभय गुप्ता, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, चंडीकेश्वर पंकज, नितिन, प्रदीप दास, प्रमोद, रामचंद्र जोशी, मृत्युंजय सोनी, आशु, घनश्याम राजा, उमेश सहित काफी संख्या में भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

## डॉक्टर के सूने मकान में चोरों ने बोला धावा सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के दीपका स्थित अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। डॉक्टर की लिखित शिकायत पर पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के विकासनगर आफिसर्स कालोनी में हुई वारदात

कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर ऑफिसर कॉलोनी सी-5 में निवासरत चिकित्सक अरविंद कुमार वर्तमान में एसईसीएल अस्पताल दीपका में पदस्थ है। अरविंद की पत्नी केंद्रीय विद्यालय कुसमुण्डा में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। अरविंद अपनी पत्नि को 25 जून को सुबह 7:15 बजे स्कूल छोड़कर वापस घर लौटा था फिर लगभग 9:30 बजे डयूटी पर दीपका गया था। घर में ताला बंद किया था। शाम लगभग 4 बजे अरविंद की पत्नि श्रीमति रेखा जोशी ने अरविंद को फोन कर बताया कि घर के पीछे का दरवाजा खुला हुआ है। घर के अंदर आलमीरा का सामान बिखरा हुआ दिख रहा है और आलमारी के अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात 4 नग कंगन, 2 नग मंगलसूत्र, 3 नग चैन लकेट, 1 नग नेकलेस, 5 नग अंगूठी, 10 नग कान का रिंग, 1 नग मांग टीका व सोने का गठुला नगदी रकम 15 हजार रुपए सहित लाखों का माल अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर**

कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर ऑफिसर कॉलोनी निवासी डॉ अरविंद कुमार के घर चोरी की घटना सामने आते ही कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं डॉग स्क्वायड एवं फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम को मौके पर तलब किया गया था। जहां पुलिस की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सैंपल संग्रहण किया गया हे। वहीं जांच के दौरान पाया कि चोर पीछे दीवाल कूद कर घर में घुसे जिसकी वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि डॉ अरविंद कुमार की बेटी की कुछ दिनो में शादी हैं ऐसे में सोने चांदी के गहने और केश बड़ी मात्रा में घर के अलमारी में रखे हुए थे। जिस वक्त ये घटना हुई घर पर कोई नही था,सूनेपन का फायदा उठाकर चोर बड़ी आसानी से घर में घुसकर हाथ साफ कर गए।

### विज्ञापन छापने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(।** चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेलसरा निवासी रामभवन सिंह खुसरो उम्र 40 वर्ष पिता समेलाल खुसरो ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 फरवरी को सुबह 10:34 बजे पेड्रारोड बस्तीबगरा रोड से कार में एक व्यक्ति आकर अपना नाम अमरजीत सिंह सलूजा निवासी रायपुर बताया जो घर के पास आकर मकान के दीवाल में नेहा एंड लव का विज्ञापन छापने से प्रति माह 6 हजार रूपये मिलेगा बोलकर नेहा एंड लव बेंचने के लिए 4 कार्टून नेहा एंड लव छोडकर 26 हजार 5 सौ रुपए पेमेंट कर दो कहने पर अपने से गूगल पे के माध्यम से अमरजीत सिंह सलूजा के मोबाईल नंबर में 21 फरवरी को 10:34 बजे 26 हजार 5 सौ रूपये ट्रांसफर किया था। नेहा एंड लव की विज्ञापन दिवार में छपवाने के नाम पर 26 हजार 5 सौ रूपये का पैसा लेकर ठगी किया है कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरूध धारा 420 के तहत अपराध कायम कर आरोपी मकान नं.399 गली नं. 2 सिंधी कालोनी तेलीबांधा रायपुर निवासी अमरजीत सिंह सलूजा उम्र 57 वर्ष पिता स्व.लाभसिंह सलूजा को गिरफ्तार किया गया।

## सरभोका स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**बैकुण्ठपुर।** जिले के पटना क्षेत्र में ग्राम पंचायत सरभोका की नव संचालित स्कूल विस्टा विजन पब्लिक स्कूल का प्रथम शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ स्कूल प्रांगण में मनाया गया। उत्सव में छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक भी काफी संख्या में



शामिल हुए। संस्था प्रबंधन टीम के द्वारा बच्चों से केक काटकर शाला का पुनः आगाज कराया गया, इससे बच्चे अत्यधिक उत्साहित नजर आए। वहीं शाला में उपस्थित अभिभावकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के दौरान संस्था संचालक अकरम रजा ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा करते हुए अभिभावकों एवं शिक्षकों को छात्र-छात्राओं के देश के विकास का अहम स्तंभ बताया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ सभी को बच्चों के प्रति संवेदनशील होकर उनके सर्वांगीण विकास के लिए संस्था को सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से विजन फाउंडेशन के अध्यक्ष इरफान खान, उपाध्यक्ष एवं समस्त स्कूल के स्टाफ उपस्थित रहे।

### माध्यमिक शाला, बस्ती

शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरूवात के साथ ही 26 जून को माध्यमिक शाला बस्ती में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छग महतारी की छायाचित्र की पूजा-अर्चना एवं राज्यगीत के साथ किया गया। शाला में गांव के सरपंच जगत प्रसाद द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव



साय के संदेश का वाचन किया गया। गांव के प्रतिष्ठित समाज सेवी छोटू सिंह के द्वारा शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल के संदेश का वाचन किया गया। पंच श्रीमती धनमत द्वारा बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए कहा गया। प्रधान पाठक एवं शिक्षक एवं शाला में आमंत्रित जनप्रतिनिधि द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान कर उनका शाला प्रवेश कराया गया। साथ ही सभी छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक राजेन्द्र सिंह, शिक्षक धनंजय प्रकाश बड़ा, तरुण कुमार एवं संस्था के स्टाफ सिमन तिग्गा, सकेंदर सोनवानी, गांव के जगत प्रसाद, छोटू सिंह एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों एवं गांव से आए आमंत्रित लोगों को न्योता भोज कराया गया।

### केंद्रीय विद्यालय, झगराखाण्ड

**मनेन्द्रगढ़।** केन्द्रीय विद्यालय झगराखाण्ड में कक्षा प्रथम के लिए शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रथम के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ उनके माता-पिता ने भी आयोजन में अपनी उपस्थिति दी। विद्यालय के प्राचार्य बीएस श्रीवास्तव ने शाला प्रवेशोत्सव के महत्व पर विस्तार



से प्रकाश डाला, साथ ही साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को आश्वस्त भी किया। साथ ही अभिभावकों को शाला प्रवेश कार्यक्रम की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को अगले 45 दिन एवं 90 दिन में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत एवं एफएलएन संबंधित विभिन्न आयामों की जानकारी के साथ अभिभावकों से सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन मो. शमीम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राथमिक विद्यालय के मुख्याध्यापक एए सिद्दीकी ने दिया। इस मौके पर प्राथमिक विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### वनांचल ग्राम, तंजरा

**सोनहत।** खंड स्तर पर 26 जून से स्कूलों का संचालन पूरे उत्साही माहौल में मनाने का कार्य जारी हो गया है। आयोजन में दूर-दराज ग्रामों में विभागीय आदेश के तारतम्य में वनांचल ग्राम तंजरा के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में पूरे ग्राम पालक एवं पंचायत पदाधिकारियों के



सहयोग से शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। ग्राम स्तर पर आयोजन के पूर्व शिक्षकों के एवं ग्राम पालकों द्वारा ग्राम के घरों में पहुंच कर अपने नौनिहालों को स्कूल के प्रवेशोत्सव में आकर प्रवेश लेने उपस्थित होने आग्रह किया गया। ग्राम पालकों ने पूरे उत्साह से पहुंच अपने नवनिहलों को कक्षा प्रवेश पूजन, तिलक, चंदन रोली, मिष्ठान खिलाकर गणवेश, पाठ्य पुस्तक आदि प्रदान कर कराया गया। पूरे आयोजन में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक, लक्ष्मीनारायण, अली मोहम्मद, ग्राम सरपंच, पंच, शाला प्रबंधन समिति सहित ग्रामवासी पालक, स्कूली छात्र-छात्राएं काफी संख्या में मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मच्छरों के प्रकोप ...

मच्छरों से कब तक क्षेत्र के लोगों को मिलेगा निजात- शहरी क्षेत्र के अधिकांश नालों को नहीं ढका जा सका है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के पीछे यह भी एक बड़ा कारण है। वहीं इससे संक्रामक बीमारियों के पनपने का भय बना रहता है। नगर पालिका ने सिर्फ वीआईपी आवासों के पास ही नालियों को ढकने का इंतजाम किया है। वैसे ही खुले होकर हादसों को भी दावत दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बारिश के बाद से शहर में कई जगह पानी भरने से बीमारियां फैलने की आशंका है, इसे नगर पालिका प्रशासन नजर अंदाज कर रही हैं। कॉलोनी व वार्डों में पानी भरा है। पानी ज्यादा दिन तक जाम रहने पर मच्छर व मक्खी पनपेंगे, फिर मलेरिया, डेंगू के मरीजों की संख्या में इजाफा होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने लोगों को जागरूक रहने की सलाह दी है। इसके अलावा डेंगू की आशंका होने पर निःशुल्क टेलीफोन नंबर 104 आरोग्य सेवा एवं स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र नजदीकी अस्पताल से संपर्क करें। बुखार आने पर डॉक्टर से बिना जांच कराएं अपनी मर्जी से दवा न खाए। नगर पालिका नालियों की सफाई के साथ कचरे का निपटान करें, ताकि बीमारी बनाने वाले कारणों को खत्म कर सकें। सभी को ध्यान देना है कि घरों में रखे गमले में पानी एकत्र न हो, कूलर में पानी जमा न हो, घरों के आसपास सफाई रखने जागरूक रहे। वार्डों में पानी टंकियों, आवासीय भवनों के परिसर में उगे खरपतवार, झाड़ियों की साफ-सफाई करते रहे। नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सिंह ने जल्द से जल्द सभी वार्डों में पैराथम दवा का छिड़काव करवाने के साथ ही नालियों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करें, इसके साथ ही गली और मोहल्लों में फॉगिंग कराई जाए। वहीं नगर पालिका परिषद से मांग की है कि कई वार्डों की स्ट्रीट लाइट खराब पडे हैं, जिसे जल्द से जल्द सुधरवाया जाए। वहीं नगरपालिका परिषद की बैठक कब होगी।

### बाल संरक्षण समिति ...

संरक्षण समिति के बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण दल द्वारा प्रत्येक तीन माह में जेलो का निरीक्षण इस उद्देश्य से किया जाता है कि जेल में ऐसे बंदी तो नहीं है, जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम की हो, जोकि त्रुटिपूर्ण तरीके से जेलों में निरूद्ध हो गए हों। साथ ही बंदियों के बच्चों का सही देखरेख व संरक्षण हो सके। निरीक्षण दल में जिला बाल संरक्षण अधिकारी में आशीष कुमार गुप्ता, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी पंकज कुमार वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता बैकुंठपुर अमित श्रीवास्तव, आउटरीच वर्कर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग संजीव कुमार साहू शामिलि रहे।

### नागरिकों के अधिकारों ...

दंड बढ़ाया गया है। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानीय अतिथियों, गणमान्य विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों का आभार प्रदर्शन किया गया। उक्त जनजागरूकता कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, सीएमएचओ आरएस सेंगर, शासकीय रामानुज महाविद्यालय बैकुंठपुर प्राचार्य अखिलेश गुप्ता, कन्या महाविद्यालय श्रीमती कच्छप, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, अजय गुप्ता, संजय गुप्ता, महेन्द्र वैद्य, सुभाष साहू सहित अन्य लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

